# संस्कृति विभाग की समीक्षा

## आल्हा-ऊदल की स्मृति में आयोजन करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 15 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी छह-सात माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनायें जायेंगे. ये सभी त्यौहार धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं. इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर बड़े स्तर पर आयोजन करें.**

उन्होंने कहा कि आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं. श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं. नागपंचमी पर सर्प प्रजातियों के संरक्षण का संदेश दिया जाये. संस्कृति विभाग लोगों को जोड़कर ऐसे आयोजन करें, जिनसे हमारी कला और संस्कृति के संवर्धन के साथ ही सरकार के संदेश का भी प्रसार हो. मुख्यमंत्री सोमवार को संस्कृति विभाग तहत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किये गये कला पंचांग का विमोचन भी किया. इसमें विभाग द्वारा वर्ष भर की जाने वाली कलात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया है.

अब इन्हें सिलसिलेवार क्रियान्वित किया जायेगा. डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट वीर विक्रमादित्य के नाम से एक पृथक अकादमी का गठन किया जाये. इसमें विक्रमादित्य के जीवनवृत्त पर समग्र शोध एवं अन्य संगत गतिविधियां भी संचालित की जायें.

### तीर्थदर्शन में शामिल होंगे ज्योतिर्लिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के बाहर के प्रसिद्ध मंदिरों और देव स्थानों के अतिरिक्त अब प्रदेश में मौजूद 2 ज्योतिर्लिंगों, जागृत एवं मंशापूर्ण शक्ति पीठों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को भी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में शामिल किया जाये.

### जगदीशपुरा में होगी कैबिनेट मीटिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनके निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए. उन्होंने भोपाल के नजदीक जगदीशपुर स्थित पुराने किले की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कहा कि इस किले के इतिहास को जीवंत करने और इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भविष्य में जल्द ही यहां स्टेट कैबिनेट मीटिंग की जायेगी। एसीएस, संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने डॉ. यादव को बताया कि वर्तमान में 17 धार्मिक/सांस्कृतिक लोक और 20 संग्रहालयों का निर्माण किया जा रहा है. श्रीराम वन गमन पथ निर्माण पर 160 करोड़ के काम जारी हैं.



# टॉपर चांदनी से मिलने ई-स्कूटी से घर पहुंचे सीएम

- चांदनी की उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा
- पढ़ाई में गरीबी नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को भोपाल के भीम नगर बस्ती में जनसंपर्क कर संवाद किया. इस दौरान मुख्यमंत्री सबसे पहले एमपी बोर्ड की कक्षा 12वीं की टॉपर छात्रा चांदनी विश्वकर्मा के घर ई-स्कूटी से पहुंचकर मुलाकात की और उसके साथ सेल्फी भी ली.

डॉ.यादव ने कहा कि चांदनी की उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है. प्रतिभाशाली बेटी चांदनी की पढ़ाई में गरीबी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा. हौसलों की बुलंदी से हर मंजिल आसान हो जाती है, चांदनी ने इसे साबित किया है. डॉ. मोहन यादव बिना कारकेड ई-स्कूटी को स्वयं चलाते हुए जनसंपर्क करने भीमनगर बस्ती पहुंचे थे. मुख्यमंत्री जनसंपर्क व लाभार्थियों से संवाद के दौरान बेटियों को दुलार किया और सेल्फी ली. सीएम की स्कूटी में पीछे विधायक भगवानदास सबनानी सवार थे.

# एक सप्ताह और बढ़ सकती है तबादलों की समय-सीमा

## ज्यादातर विभागों में सूची को अंतिम रूप देने का चलते रहा सिलसिला

- आज समय बढ़ाने के प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 15 जून. मप्र में तबादलों के लिए तय की गई समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 जून तक ही तबादला करने के निर्देश विभागों को दिए थे, लेकिन तय समय के अंतिम दिन भी ज्यादातर विभाग तबादला प्रस्तावों को अंतिम रूप नहीं दे सके हैं.**

सोमवार को विभागों से लेकर विभागाध्यक्ष कार्यालय तक तबादला प्रस्तावों को अंतिम रूप देने का सिलसिला चलते रहा. जिससे कि आनन-फानन में सूची जारी किया जा सके. लेकिन ये तैयारी भी आधा- अधूरी ही दिख रही है. ऐसे हालातों के बीच संकेत मिले हैं कि तबादलों की समय-सीमा में अभी एक सप्ताह की और बढ़ोतरी की जा सकती है.

बताया जा रहा है कि इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आला अफसरों की चर्चा हो चुकी है, मुख्यमंत्री ने भी एक सप्ताह समय बढ़ाने पर सहमति दे दी है. अब इस संबंध में कभी भी आदेश जारी हो सकते हैं. मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में तबादलों की अवधि में बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव भी पेश हो सकता है, जिस पर स्वीकृति की मुहर लग सकती है. हालांकि समाचार लिखे जाने तक सामान्य प्रशासन विभाग ने समय सीमा बढ़ाने संबंधी आदेश जारी नहीं किए थे, लेकिन ये सोमवार देर रात या फिर मंगलवार को जारी होने की संभावना जताई जा रही है. ज्यादातर विभागों ने मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय से इस मामले में लगातार टोह लेने का सिलसिला जारी रखा. उन्हें भी संभावनाओं की ही जानकारी दी गई. ऐसे में ज्यादातर विभाग अब ये मानकर भी चल रहे हैं कि समय सीमा बढ़ेगी, लेकिन यदि देर रात कोई और डेवलपमेंट हुआ और कोई पेंच आई तो भी विभाग आधी-अधरी सूची ही सही जारी करने की तैयारी में है.




लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग ही अब तक कुछ सूची जारी कर चुके हैं. हांलाकि इन विभागों के अमलों की संख्या के हिसाब से ये भी नाकाफी हैं. वहीं अनुसूचित जाति विभाग, जनजाति कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जल संसाधन विभाग जैसे बड़े महकमे भी अब तक तबादलों की थोकबंद सूची जारी नहीं कर सके हैं.

### अब मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 तक लिए जाएंगे

**भोपाल.** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे. राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा. फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा. पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है.

# नामांकन विवाद पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 15जून. मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने सोमवार को कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया। संगठन ने राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग पर लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात करने का आरोप लगाया.**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान और प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के निर्देशन में सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले दहन किए तथा जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे. ज्ञापन में निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका और निष्पक्षता की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई. यश लखन घनघोरिया ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य कर रहा है और मीनाक्षी नटराजन का नामांकन राजनीतिक दुर्भावना के तहत तकनीकी आधारों पर खारिज किया गया है. उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा चुनाव से पहले विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास कर रही है.घनघोरिया ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.




## कार्यालय नगर परिषद् मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक/575/e-tendering/NP/2026 — मऊगंज दिनांक - 09.06.2026

### ई- निविदा सूचना - प्रथम आमंत्रण

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत फर्म / अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद मऊगंज में वित्त वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित कार्य हेतु दर की आवश्यकता है। जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत पंजीकृत फर्म / अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD 514505_1 दिनांक- 10.06.2026 | Providing, Installation, Testing and Commissioning of Street Light On/Off Automatic Panel Set complete with All Items wiring & connections with 02 yrs warranty including Panel Box with standard size 500x400 mm or desired size, Isolator TPN 100 amp or desired capacity (ISI MAKE AND BIS SPECIFICATION), 63 Amp Contractor or desired capacity (ISI MAKE AND BIS SPECIFICATION), Digital Timer (ISI MAKE AND BIS SPECIFICATION), Auto On/Off Switch, Connector /Terminal, Neon Indicator 03 nos., Wiring complete along with installation with testing for minimum 06 Kilowatt load Or as per field requirement for Mauganj City. | 4.5 लाख | 1. 2000/- 2. 4500/- | 25.06.2026 |

नोट:- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज,जिला-मऊगंज (म0प्र0)




# प्रदेश में बदल रहा मौसम का मिजाज, अलर्ट हुआ जारी

**42.4 डिग्री पारा दर्ज किया गया खजुराहो में**

**50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी आंधी**

**भोपाल, 15 जून. प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. प्रदेश के कई हिस्सों में जहां तपन बरकरार है, वहीं दूसरी तरफ तेजी से बढ़ रहीं प्री मानसून गतिविधियों और पश्चिमी विक्षोभ के कारण अनेक जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है.**

पिछले 24 घंटों के दौरान राजधानी समेत इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन संभाग के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. तो वहीं प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. वहीं दूसरी तरफ सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा. जिससे वहां लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है. तो वहीं अनूपपुर के अमरकंटक में भी अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 से 3 दिनों में राजगढ़, शाजापुर, नर्मदापुरम, सीहोर, विदिशा, रायसेन और सागर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने, बिजली कड़कने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई.

### राजधानी में ठंडी हवाओं का दौर शुरू

राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जो सामान्य से कम रहा। शाम होते-होते शहर के आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाओं ने दस्तक दी। तो वहीं दोपहर के समय भी शहर का कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली.

### आज जारी होगा एमपी बोर्ड हाईस्कूल दूसरी परीक्षा का रिजल्ट

**भोपाल.** प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल की दूसरी परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है. बोर्ड ने छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुये बताया है कि हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम 16 जून को घोषित होने जा रहा है. मंडल के अनुसार परिणाम को शाम ठीक 4 बजे जारी किया जायेगा. परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थी अपना रिजल्ट ऑनलाइन देख सकेंगे। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना स्कोरकार्ड चेकऔर डाउनलोड कर सकते हैं.

# पवई थाना में पदस्थ चार पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई



**नवभारत न्यूज**
**पवई 15 जून,पवई पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए जिले के अंतर्गत पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण किए गए थे.**

जिसको लेकर पवई में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक आनंद मिश्रा एअनिल गर्ग प्रधान आरक्षकए अंजलि त्रिपाठी आरक्षकए विनिती सिंह आरक्षक के स्थानांतरण अलग.अलग थानों में हुए थे रविवार को थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार द्वारा स्टाफके साथ मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।


In The Court of I Civil Judge Class-I,
Presiding Officer : श्री प्रवीण कुमार सोंधिया
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000017/2026)

कल्ली उर्फ कलावती ...... आवेदक
Vs
देवमनी त्रिपाठी .....अनावेदक

Process Id-145/2026
पेशी दिनांक:-13.07.2026

प्रेषिती-
1.हर आम व खास जो मृतक से संबंध रखता हो पता- हर आम एवं खास जिसका भी मृतक से संबंध हो.
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्ली उर्फ कलावती पता ने..मृतक मालती देवी पत्नी विष्णुकांत पाण्डेय निवासी ग्राम झखौरा मझगवां जिला सतना। कर्णिका 5 वर्णित राशि मय ब्याज. राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 जुलाई 2026 को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 जुलाई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा. यह आज तारीख 29 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

न्यायालय की मुद्रा

( प्रवीण कुमार सोंधिया )
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सतना, जिला सतना ( म.प्र. )

कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि तो न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.



## कार्यालय नगर परिषद् मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक/494/e-tendering/NP/2026 — मऊगंज दिनांक 01.06.2026

### निविदा सूचना - प्रथम आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में आपूर्ति कर्ताओं / पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_512244_1 दिनांक 02.06.2026 | निर्माण सामग्री की आपूर्ति | 1. 275 दिवस 2. 20,00,000/- | 1. 2000/- 2. 15,000/- | 03.07.2026 |
| 2 | 2026_UAD_512249_1 दिनांक - 02.06.2026 | वार्ड क्र.03 में चाक मोड़ के पास सार्वजनिक शौंचालय निर्माण कार्य | 1. 60 दिवस 2. 12,95,673/- | 1. 2000/- 2. 12,960/- | 03.07.2026 |
| 3 | 2026_UAD_512252_1 दिनांक - 02.06.2026 | वार्ड क्र.08 में शासकीय कॉलेज के पास सार्वजनिक शौंचालय निर्माण कार्य | 1. 60 दिवस 2. 12,90,450/- | 1. 2000/- 2. 12,910/- | 03.07.2026 |
| 4 | 2026_UAD_512255_1 दिनांक 02.06.2026 | वार्ड क्र. 11 में नई तहसील परिसर के पीछे सार्वजनिक शौंचालय निर्माण कार्य | 1. 60 दिवस 2. 19,61,669/- | 1. 2000/- 2. 19,620/- | 03.07.2026 |

नोट:- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज,जिला-मऊगंज (म0प्र0)



## कार्यालय प्राचार्य / अधीक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास रामनगर, जिला-मैहर (मध्यप्रदेश)

क्र./ विज्ञापन / 2026-27/244 — दिनांक 15.62026

### निविदा

सत्र 2026-27 हेतु 100 बालिकाओं की निम्नानुसार भोजन आपूर्ति एवं किराना सामग्री बंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित है।

01. दाल, चावल, आटा (प्रति माह)
02. किराना सामग्री (प्रति माह)

नोट:-
01. इच्छुक फर्म अपना कोटेशन दिनांक 16.06.2026 से दिनांक 23.06.2026 तक कार्यालीन दिवस एवं समय पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास रामनगर में जमा कर सकते है.
02. रजिस्टर्ड फर्म से कोटेशन स्वीकार होगे ।
03. भुगतान फर्म के नाम पर ही किया जायेगा। भुगतान हेतु बैंक पास बुक की छायाप्रति देय होगी।
04. विस्तृत जानकारी कार्यालय से सम्पर्क करें.

अधीक्षिका
करतूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास
रामनगर जिला -मैहर (म.प्र.)

प्राचार्य
सांदीपनि विद्यालय शा, उत्कृ. उ. मा. विद्यालय
रामनगर, जिला मैहर (म.प्र.)


# नवीन अस्पताल भवन पवई का शुभारम्भ उद्घाटन कब?

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं देरी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**नवभारत न्यूज**
**पवई 15 जून, पवई क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए म0प्र0 की भाजपा सरकार के द्वारा क्षेत्रीय सांसद डॉ.विष्णुदत्त शर्मा एवं पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के प्रयासों से लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 100 बिस्तर की सुविधाओं के साथ सभी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सिविल अस्पताल के नवीन भवन की सौगात सरकार द्वारा पवई क्षेत्र को मिली थी।**

वर्ष 2021.22 में स्वीकृत इस परियोजना का भूमिपूजन और शिलान्यास विधानसभा चुनाव 2023 से पूर्व कटनी मार्ग स्थित अरण्य भवन के पीछे किया गया था। प्रसाशनिक एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यादेश की तारीख से 11 माह में पूर्ण करना था लेकिन उक्त निर्माण कार्य चार वर्ष बीत जाने के बाद लगभग पूर्ण होता दिख रहा है। एक वर्ष का अधिक समय गुजरने के बाद भी नवीन अस्पताल भवन का लोकार्पण और संचालन शुरू नहीं हो पाया ऐसे में क्षेत्रवासियों को मिलने वाली सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अस्पताल भवन जनता के लिए कब प्रारंभ किया जाएगा। गौरतलब है कि 11 जून गुरुवार को पन्ना कलेक्टर द्वारा नवीन अस्पताल भवन का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया है। कलेक्टर के दौरे के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि अस्पताल भवन के लोकार्पण एवं संचालन को लेकर जल्द कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। स्थानीय लोगों का नाराजगी है कि उद्घाटन में हो रही देरी के कारण क्षेत्र की जनता आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। वहीं भवन की गुणवत्ता को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि भवन की कुछ दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इस संबंध में निर्माण एजेंसी द्वारा बाउंड्रीवाल न होने को कारण बताया गया हैए जबकि नागरिकों का मानना है कि उद्घाटन से पहले ही भवन में दरारें दिखाई देना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि भवन पूर्ण रूप से तैयार है तो उसका शीघ्र लोकार्पण कर स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जानी चाहिए। साथ ही नवीन अस्पताल भवन की दीवारों में कई जगह अभी से दरारें दिख रही हैं अत: गुणवत्ता की तकनीकी जांच भी कराई जानी चाहिएए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।जनता अब यह जानना चाहती है कि वर्षों के इंतजार के बाद तैयार हुए इस अस्पताल भवन का उद्घाटन आखिर कब होगा और क्षेत्र को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ कब मिल सकेगा।

**किसान मुद्दे** — सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारें, दिया जा रहा है कम खाद

# खाद-डीजल संकट पर जीतू पटवारी की चिंता

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 15 जून. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खरीफ सीजन से पहले प्रदेश में खाद और डीजल की कमी को लेकर राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखे एक खुले पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान मानसून की तैयारियों के बजाय खाद की कतारों में खड़ा रहने को मजबूर है.**



पटवारी ने आरोप लगाया कि संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश के लगभग सभी प्रमुख कृषि क्षेत्रों में किसानों को खाद और डीजल की उपलब्धता को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि मालवा क्षेत्र के उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा और रतलाम में किसान डीएपी और यूरिया के लिए भटक रहे हैं. सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं और निर्धारित मात्रा से कम खाद दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं.

उन्होंने बताया कि निमाड़ क्षेत्र के खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर में कपास और सोयाबीन की तैयारी कर रहे किसान खाद और डीजल की तलाश में जुटे हैं. वहीं बुंदेलखंड के सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और पन्ना जिलों में किसानों को आशंका है कि खाद की कमी के कारण बुवाई का समय निकल सकता है.

पटवारी ने दावा किया कि महाकौशल के जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला सहित कई जिलों से भी खाद की अपर्याप्त उपलब्धता की शिकायतें मिल रही हैं. ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी किसानों को घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि यह संकट किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं है, क्योंकि खरीफ सीजन में खाद और डीजल की मांग का अनुमान हर वर्ष लगाया जाता है. उन्होंने वितरण व्यवस्था में बिचौलियों और खाद माफिया की भूमिका की जांच की मांग करते हुए जिलावार खाद भंडारण, आवंटन और वितरण का विवरण सार्वजनिक करने की बात कही.

### अलाउद्दीन खान का निधन समाजसेवियों ने शोक जताया



**मऊगंज 15 जून,** बेहतरीन व्यक्ति अलाउद्दीन खान मऊगंज ने 50 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बता दें कि अचानक तबियत बिगड़ने के बाद गम्भीर हालत में उन्हें इलाज के लिए रीवा ले जाया गया। जहां पर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद उन्होंने ने अपना प्राण त्याग दिया। अलाउद्दीन खान के निधन से नगर में मातम छा गया। उनके चाहने वाले स्तब्ध और गमगीन हैं। उनके असामयिक निधन पर शोक जताते हुए अधिवक्ताओं, समाजसेवी एवं पार्षद अन्नू खान ने कहा की हमने परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति हैं और एक अच्छे नेतृत्व को खो दिया है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरि हर शुक्ला ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अलाउद्दीन खान के निधन से बहुत दिनों तक उनकी रिक्तता महसूस की जाती रहेगी। उनके निधन पर निवास पहुंचे पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, एड ज्ञानेन्द्र सिंह, मकसूद खान , अरविन्द सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.

क्रमांक /../ सा.प्र./स्था. शाखा/2026 — सीहोर, दिनांक../../2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर के पत्र क्रमांक 350 दिनांक 21/01/2026, पत्र क्रमांक 1407 दिनांक 01/04/2026, संभागीय कार्यालय के पत्र क्रमांक /स.सं/स्था-2/सं.नि. (अ. प्ला.एक्स)/25/3131 दिनांक 17/12/2025 एवं संभागीय कार्यालय के पत्र क्रमांक /स.सं/स्था-2/सं.नि. (ट्रांस.प्र)/25/3186 दिनांक 23/12/2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद् सीहोर हेतु निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है. उक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाना है. भरती संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| पदनाम | पद संख्या | | | | योग | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | देय मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| फाइनेंशियल एनालिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में उपाधि तथा सी.ए. / एम.बी.ए. (वित्त) एवं 03 वर्ष का अनुभव | 20,000/- |
| अर्बन प्लानिंग एक्सपर्ट | 1 | - | - | - | 1 | बी.प्लान/बी.आर्क/बी.टेक (सिविल) तथा मास्टर ऑफ प्लानिंग- अर्बन प्लानिंग / रीजनल प्लानिंग / ट्रांसपोर्ट प्लानिंग / हाउसिंग / पर्यावरण प्लानिंग / इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग / अर्बन एवं रीजनल प्लानिंग और समकक्ष एवं 03 वर्ष का अनुभव | 30,000/- |
| सामुदायिक प्रबंधक | 1 | - | - | - | 1 | एम.ए. (समाजशास्त्र / सामुदायिक विकास) / एम.एस.डब्ल्यू/एम कॉम. / मास्टर इन कम्युनिकेशन एवं 03 वर्ष का अनुभव | 20,000/- |
| सिस्टम प्रोग्रामर | 2 | - | - | - | 2 | बी.सी.ए./बी.ई. (कम्प्यूटर) एवं 02 वर्ष का अनुभव | 15,000/- |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 4 | 1 | - | 1 | 6 | पी.जी.डी.सी.ए. तथा कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र एवं 01 वर्ष का अनुभव | 8,000/- |
| जूनियर इंजीनियर (सिविल) | 1 | - | - | - | 1 | संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं 02 वर्ष का अनुभव | 10,000/- |
| केमिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. (रसायन शास्त्र) एवं 01 वर्ष का अनुभव | 10,000/- |

(1) निर्धारित आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 64 वर्ष. (2) आवेदन शुल्क 100 बैंक ड्रॉफ्ट (मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर के नाम पर सीहोर में देय). (3) आवेदन प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 जून 2026. (4) आवेदन भेजने का पता मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय नगर पालिका सीहोर, जिला चिकित्सालय के सामने सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) 466001. (5) अन्य आवश्यक विवरण आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता व अनुभव सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र, आवेदन शुल्क का DD. रोजगार पोर्टल का जीवित पंजीयन, फोटो एवं निवास संबंधी सत्यापन हेतु आधार कार्ड / PAN कार्ड/राशन कार्ड/की सत्यापित प्रति. आवेदन का प्रारूप के लिए कार्यालय नगर पालिका सीहोर में संपर्क करें.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् सीहोर